## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–29.04.2024 (दोपहर 1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत झारखंड की चार सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू, धनबाद में एनडीए उम्मीदवार ढुल्लू महतो और इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने खरीदा पर्चा।
2. गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने किया नामांकन, जनसभा में मुख्यमंत्री समेत महागठबंधन के कई नेता रहेंगे मौजूद।
3. सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को जारी किया नोटिस, 6 मई को अगली सुनवाई।
4. निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत, स्वास्थ्य कारणों का दिया था हवाला, मनरेगा घोटाला मामले में है गिरफ्तार।

*********************

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ झारखंड समेत छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत झारखंड की चार सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह पर मतदान होगा। उम्मीदवारों के लिए नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 6 मई है। धनबाद में एनडीए उम्मीदवार ढुल्लू महतो और इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चुनावी पर्चा खरीदा है । नामांकन की जांच 7 तारीख को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मई है। इन सीटों पर 25 मई को मतदान होगा जबकि मतगणना 4 जून को होगी। इधर पांचवे चरण की तीन सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

*********************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो नेता कल्पना मुर्मू सोरेन ने आज गांडेय विधान सभा उपचुनाव के लिए गिरिडीह समाहरणालय में निर्वाची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन , मंत्री आलमगीर आलम , कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

*********************

रांची लोकसभा सीट के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने का काम भी शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी और उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिन के 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक आगामी 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है,जबकि 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 9 मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। आगामी 25 मई को रांची लोक सभा सीट के लिए मतदान सुनिश्चित किया गया है,जबकि मतों की गणना 4 जून को होगी। उन्होंने बताया कि 6 जून को पूरी चुनावी प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।

*********************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जमशेदपुर में कल जिला झामुमो द्वारा आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम मे शामिल हुए। उनके साथ जमशेदपुर संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सह विधायक समीर मोहंती भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक रामदास सोरेन, संजीव सरदार , मंगल कालिंदी, सविता महतो समेत पार्टी के नेता मौजूद रहें। सभी ने पार्टी के प्रत्याशी समीर मोहंती को जीत दिलवाने का संकल्प लिया। वहीं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्य की सभी 14 सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत का दावा किया।

*********************

धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर आज से नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि यानी 6 मई तक जिले में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। मेमको मोड़ और निरंकारी चौक से कलेक्ट्रेट तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी तरह के वाहनों की नो एंट्री रहेगी। इस दौरान जिन व्यक्तियों का घर मेमको मोड़ से निरंकारी चौक के बीच स्थित है, उन्हें भी घूम कर निरंकारी चौक होकर ही जाना होगा। वहीं नामांकन करने आये उम्मीदवार के साथ वाहनों में से मात्र 3 वाहन ही मेमको मोड़ से समाहरणालय गेट तक जाएंगे। शेष वाहन मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग की तरफ जाने वाले 8 लेन में पार्किंग करेंगे।

*********************

जामताड़ा जिले में लोकसभा चुनाव में आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों, अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों को डाक मत पत्र के जरिए मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की याचिका पर आज सुनवाई के दौरान ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी।

*********************

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए रांची पुलिस अलर्ट है। रांची और इसके आसपास के इलाकों से वैसे बारह सौ लोगों को चिह्नित किया है, जो प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष रूप से किसी विवाद में शामिल रहे हैं। उन सभी लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजकर थानों में बुलाया। और सभी से बांड भरवाया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कल पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा समेत कई बिंदुओं पर समीक्षा बैठक की और कई निर्देश दिए वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर दागी और संदिग्ध चरित्र के लोगों के खिलाफ भी रांची पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत जिलेभर में 23 सौ लोगों को सीआरपीसी की धारा 107 के तहत नोटिस किया गया है। इसमें अधिकतर संदिग्ध चरित्र के लोग शामिल है।एसएसपी ने बताया कि बांड भरने के बाद अगर कोई व्यक्ति आशांति फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सभी थाना प्रभारी को वारंटी की गिरफ्तारी, नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ–साथ आपराधिक वारदातों पर पूरी तरह से नकेल कसने की हिदायत दी गई है।

*********************

झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने पूजा सिंघल को जमानत देने से मना कर दिया है। मनरेगा घोटाला मामले में गिरफ्तार पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। उनकी याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दिया है। पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय ने 2022 में गिरफ्तार किया था. उनकी गिरफ्तारी 11 मई को हुई थी। इसके बाद से वह जेल में बंद है। मनी लॉड्रिंग के आरोपों में घिरीं आईएएस पूजा सिंघल ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई थी।

*********************

जमीन घोटला के आरोप में जेल में बंद पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। झारखंड हाईकोर्ट में जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत में यह सुनवाई हुई। इस दौरान सेना के कब्जेवाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया. जिसके बाद कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।साथ ही मामले की अगली सुनवाई की तारीख तीन मई को निर्धारित की है.

*********************

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। इससे पहले कल रात चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हरा दिया।

*********************

महिलाओं की स्कीट में माहेश्वरी चौहान ने कतर के दोहा में शॉटगन ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर भारत की ओर से पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा सुरक्षित कर लिया। निशानेबाजी में यह भारत के लिए 21वां ओलंपिक कोटा और शॉटगन में पाचवां कोटा है।

*******समाप्त**************